उत्तराखंड तकनीकी विवि में प्रवेश के लिए छात्रों को अंतिम मौका 24 से

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में है। विवि से संबद्ध कॉलेजों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश का अंतिम मौका 24 अगस्त से मिलेगा। अंतिम चरण की ऑनलाइन स्पॉट काउंसलिंग 24 अगस्त से शुरू होगी।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि कंप्यूटर साइंस की मांग को देखते हुए अतिरिक्त सीटें उपलब्ध करवाई जा रही हैं। विवि ने पहली बार देहरादून परिसर में बीटेक कंप्यूटर साइंस और साइबर सुरक्षा में पाठ्यक्रम शुरू किया है। इसमें अधिकांश सीटें भर गई हैं। बची सीटों पर छात्र अंतिम चरण में प्रवेश ले सकते हैं।

विवि के परिसर में स्थापित महिला प्रौद्योगिकी संस्थान और फैकल्टी ऑफ टैक्नोलॉजी, फैकल्टी ऑफ फार्मेसी फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट में छात्रों के ओरिएंटेशन कार्यक्रम के साथ ही कक्षाएं भी शुरू हो चुकी हैं। विवि में संचालित पाठ्यक्रमों के प्रति छात्रों के रुझान को देखते हुए जल्द ही नए शैक्षणिक भवन और छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। मासिरि